**निरीक्षण** | बढ़ते लाइन लॉसेस पर बिजली विभाग की बड़ी कार्रवाई, गढ़ी मोहल्ला में सघन चेकिंग, 5 लाख 60 हज़ार का जुर्माना लगाया

# बिजली चोरी करते पकड़े गए 10 उपभोक्ता, मचा हड़कम्प



**नवभारत,दमोह 16 जनवरी।** शहर में लगातार बढ़ते विद्युत लाइन लॉसेस को गंभीरता से लेते हुए विभाग द्वारा सख़्त रुख अपनाया गया है। 15 जनवरी को मुख्य अभियंता, सागर क्षेत्र द्वारा आयोजित समीक्षा बैठक में लाइन लॉसेस की स्थिति पर अत्यधिक नाराजगी व्यक्त की गई, व तत्काल कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए।

अधीक्षण अभियंता, दमोह वृत्त के निर्देशन में तीन दलीय विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने कार्यपालन अभियंता मोतीलाल साहू के मार्गदर्शन में गढ़ी मोहल्ला, पठानी मोहल्ला एवं आसपास के क्षेत्रों में सघन विशेष चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान अवैध रूप से विद्युत चोरी करते हुए 10 उपभोक्ताओं को पकड़ा गया, जिनके विरुद्ध मौके पर ही पंचनामा तैयार कर विद्युत सामग्री जब्त करने की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

### विशेष चेकिंग अभियान जारी रहेगा

इन स्थानों में पूर्व में भी विभाग द्वारा बिजली चोरी के कई प्रकरण तैयार किए जा चुके हैं। विद्युत टीम द्वारा नियमानुसार संपूर्ण प्रक्रिया का पालन करते हुए कार्रवाई की गई व वीडियो रिकॉर्डिंग करायी गयी। पूरे 10 प्रकरणों में 5 लाख 60 हज़ार का जुर्माना लगाया गया। विद्युत विभाग ने स्पष्ट किया है कि लाइन लॉसेस को नियंत्रित करने एवं विद्युत चोरी पर पूर्णतः रोक लगाने हेतु ऐसे विशेष चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

### बिजली बिल भुगतान के लिए लगाए गए कैंप

अधीक्षण अभियंता वृत्त दमोह व कार्यापालन अभियंता दक्षिण संभाग दमोह के दिशा निर्देशन मे हिण्डोरिया विद्युत वितरण केन्द्र के ग्राम बिलाई और कादीपुर गांवो मे सोमवार को समाधान योजना के तहत बिजली बिल भुगतान के लिए कैंप लगाए गए।जहां उपभोक्ताओ के बकाया बिल जमा करवाए गए और बिजली से जुड़ी शिकायतों का निराकरण किया गया।

### समाधान कैंप भी चलाए जा रहे

कनिष्ठ अभियंता प्रदीप सिंह परिहार ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर गांव गांव जाकर समाधान कैंप चलाए जा रहे है ताकि कोई भी पात्र उपभोक्ता योजना के लाभ से वंचित नहीं रहे। ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए विभागीय वाहन मे माइक लगाकर प्रचार किया जा रहा है, साथ ही कर्मचारियों की टीम घर घर जाकर उपभोक्ताओं से संपर्क कर एवं दूरभाष के माध्यम से समाधान योजना की संपूर्ण जानकारी से अवगत किया जा रहा है।





## लापरवाह अधिकारियों पर होगी कार्यवाही : डी कुमार

**सागर के मुख्य अभियंता द्वारा दमोह वृत्त के अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक**

**नवभारत,दमोह 16 जनवरी।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, सागर क्षेत्र के मुख्य अभियंता डी. कुमार द्वारा 15 जनवरी को वृत्त कार्यालय-दमोह में समीक्षा बैठक ली गई। जिसमें दमोह जिले के समस्त कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता व वितरण केन्द्र प्रभारियों की उपस्थिति रही। मुख्य अभियंता का स्वागत अधीक्षण अभियंता (संचा/संधा) वृत्त-दमोह अमित चौहान द्वारा पुष्पगुच्छ भेटकर किया गया। इसके पश्चात मुख्य अभियंता द्वारा प्रत्येक वितरण केन्द्र प्रभारी एवं संभाग प्रभारियों से वर्तमान में लागू म.प्र. शासन की समाधान योजना की प्रगति की समीक्षा की गई।

### कम वसूली पर दिए अधिकारियों को निर्देश

समीक्षा के दौरान पात्र हितग्राहियों के संपर्क की प्रगति कम रहने एवं योजना अंतर्गत कम वसूली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उपस्थित अधिकारियों को साप्ताहिक एवं माह समाप्ति तक का लक्ष्य निर्धारित किया गया तथा सचेत किया गया कि माह समाप्ति पर लक्ष्य प्राप्ति नहीं करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही भी की जा सकती है।

### बिलिंग इफिसियेंसी कम रहने पर जताई नाराजगी

दमोह वृत्त की बिलिंग इफिसियेंसी कम रहने पर भी मुख्य अभियंता द्वारा गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए गए कि शहरी वितरण केन्द्रों की बिलिंग इफिसियेंसी किसी भी स्थिति में 85 प्रतिशत से कम नहीं होनी चाहिए। वितरण केन्द्रों मे विद्यमान उपभोक्ताओं की तुलना में राशि जमा करने वाले उपभोक्ताओं की संख्या बहुत कम रहने पर चिंता जाहिर करते हुए, कंज़ूमर काउन्ट बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

## एक नजर में






### संत शिरोमणि गुरु रविदास की मूर्ति स्थापित

**नवभारत,हिण्डोरिया।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के 649 वें महाप्रकाश पर्व पर नगर हिंडोरिया मे संभाग भर के अहिरवार समाज के द्वारा थाना मुहल्ला स्थित मंदिर मे गुरु रविदास जी की नव निर्मित मूर्ति की स्थापना की गई। साथ ही नगर के मुख्य मार्गों से गुरु रविदास जी की झांकी, डीजे, बाजेगाजे, झण्डा के साथ भव्य कलश यात्रा धूमधाम से निकाली गई। मूर्ति स्थापना व अनावरण आचार्य रामदयाल शास्त्री रविदासिया धर्म संगठन के महान राष्ट्रीय प्रचारक के द्वारा किया गया। एवं गुरु अमृतवाणी को मंच पर असित किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या मे सकल अहिरवार समाज व अन्य वर्गों के महिला-पुरुष, बच्चे एवं वृध्द श्रृद्धालुजन मौजूद रहे। आज शनिवार को दोपहर 12 बजे से शाम 06 बजे तक श्री गुरु अमृतवाणी कार्यक्रम होगा।

### बड़े वाहनों से हो रहीं आए दिन दुर्घटनाएं, जिम्मेदार मौन



**नवभारत,पथरिया।** रेल्वे विभाग ने लोगों को आने-जाने के लिए सुविधा के हिसाब से व दुर्घटनाएं न हो दाहिने और बाँए ओर दो पुलियों का निर्माण कार्य करवाया था लेकिन गलत ओर से फर्राटे भरते बड़े वाहनों के आने - जाने से आए दिन राहगीरों,छोटे वाहनों को भारी दिक्कतें पैदा हो रहीं है व आए दिन दुर्घटनाओ में इजाफा हो रहा है यह सिलसिला लंबे समय से निरंतर चल रहा हैं, लेकिन अब तक जिम्मेदार न रेल्वे गंभीरता से ध्यान दे रही है। और न यातायात विभाग और न नगर पारिषद।आमजन द्वारा शासन प्रशासन से गुहार लगाई जा रही है।कि वाहनों की सही व व्यवस्थित निकलने के पुख्ता इंतजाम किए जाए ताकि सुविधा के साथ-साथ दुर्घटनाए बचाई जा सके।



### पर्वत पर फहराया गया विशाल भगवा ध्वज

**नवभारत,दमोह 16 जनवरी।** बुंदेलखंड मप्र के प्रसिद्ध हिंदू तीर्थ बांदकपुर धाम में मकर संक्रांति के पर्व पर धाम के प्राकृतिक रमणीय स्थल गोवर्धन पर्वत पर दमोह जिले से सैकड़ों धर्म प्रेमियों, शिव भक्तों का एकत्रीकरण हुआ, साथ ही बुंदेली व्यंजन स्वादिष्ट भर्ता गक्कड़ भव्य भंडारा आयोजन हुआ। प्रतिवर्ष यह आयोजन भव्यता के साथ बांदकपुर धाम में आयोजित किया जाता है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य श्री जागेश्वर नाथ भोले बाबा की नगरी को भव्य दिव्य बनाना और सभी सनातन धर्म प्रेमियों को धार्मिक सामाजिक लोगों को एक मंच पर लाना है। गोवर्धन पर्वत पर आयोजन में सबसे पहले श्री पंचमुखी हनुमान सरकार का पूजन आरती कर पर्वत पर विशाल भगवा ध्वज फहराया गया और भोले बाबा की नगरी में भव्य विशाल व्यवस्थित मजबूत कॉरिडोर निर्माण का संकल्प उपस्थित जनों ने लिया। इसके बाद बुंदेली व्यंजन स्वादिष्ट भर्ता, गक्कड़ भंडारा दोपहर से प्रारंभ होकर देर शाम तक चला। इस वर्ष का आयोजन अनेक प्रकार से ऐतिहासिक रहा। जिसमें दमोह जिले के कोने-कोने से अनेक धर्म प्रेमियों, शिव भक्तों की उपस्थिति रही साथ-साथ आसपास के जिले कटनी,सागर, जबलपुर से भी धर्म प्रेमियों की उपस्थिति रही। जिले के संत समाज,राज नीतिक जनप्रतिनिधि, मंदिर ट्रस्ट सदस्य, जिले के पत्रकार,अनेक धार्मिक सामाजिक गणमान्य जनों, संगठनों के विशिष्टजनों की उपस्थित रही। राम गौतम ने सभी उपस्थितों का आभार जताया।

### युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नवभारत,दमोह।** सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत जटाशंकर बीड़ी कॉलोनी दमोह में 25 वर्षीय युवती ने अज्ञात कारणों के चलते घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने की खबर गुरुवार शाम को पुलिस को लगी, तो मौके पर कोतवाली से एएसआई अलजार सिंह सहित पुलिस ने पहुंचकर बताया कि मृतिका कंचन पिता राशिद खान उम्र 25 वर्ष की मौत हो जाने पर पुलिस जांच में जुटी हुई है.वहीं करंट लगने से नरेंद्र पिता गुलाब अठया उम्र 31 वर्ष निवासी खेरूआ चौकी बिलाई थाना हिंडोरिया की मौत हो जाने पर बिलाई चौकी से प्रभारी मलखान सिंह ने पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कार्रवाई की.



## क्रोध पर नियंत्रण नहीं होना कमजोरी : मुनि सौम्य सागर

**नवभारत,दमोह।** आचार्य विशुद्ध सागर महाराज से दीक्षित शिष्य मुनि श्री श्रम सागर महाराज के ससंघ दमोह नगर आगमन पर समाज द्वारा मंगल अगवानी की गई। मुनि संघ के आगमन पर दमोह में सिंघई मंदिर में विराजमान मुनि श्री सौम्य सागर एवं मुनि श्री जयेंद्र सागर महाराज नए धकट चौराहा जाकर मुनि संघ अगवानी में सम्मिलित हुए। चौराहे पर दो मुनि संघ का मधुर मिलन हुआ। इस मौके पर दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष सुधीर सिंघई कुंडलपुर कमेटी के पूर्व अध्यक्ष संतोष सिंघई शाकाहार उपासना परिसंघ के अध्यक्ष आशीष गंगरा सिंघई मंदिर समिति के अध्यक्ष रिंकू सिंघई श्रावक कल्याण समिति के महामंत्री सुनील वेजीटेरियन विनय विनम्र आकाश अक्षत सेठ पंडित अखिलेश जैन सवन सिल्वर आदि की उपस्थित रहे। सिंघई मंदिर में प्रातः कालीन प्रवचनों में मुनि श्री सौम्य सागर महाराज ने कहा कि मनुष्य का अकारण क्रोध आना और उसके बाद पछताना कापोतलेशिया का प्रतीक है। अनुकूल परिस्थितियों में क्रोध नहीं आना कोई बड़ी बात नहीं है, किंतु प्रतिकूलता में क्रोध पर नियंत्रण नहीं होना मनुष्य की बहुत बड़ी कमजोरी है।

## विद्यार्थियों को प्रकृति व वन संरक्षण का बताया महत्व

**अनुभूति कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को कराई गई सिंगौरगढ़ किला व जलाशय की सैर**



**नवभारत,सिंग्रामपुर 16 जनवरी।** जिले के सिंग्रामपुर स्थित वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के अंतर्गत शुक्रवार को अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत स्कूली छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को ऐतिहासिक सिंगौरगढ़ किला व उसके जलाशय सहित आसपास के प्राकृतिक स्थलों का भ्रमण कराया गया।

इस दौरान विद्यार्थियों को वन संपदा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। औषधीय पौधों, कीमती लकड़ियों, जंगली जीव-जंतुओं,जैव विविधता एवं पर्यावरण संतुलन के महत्व पर विस्तार से जानकारी साझा की गई। छात्र-छात्राओं ने भी जिज्ञासापूर्ण प्रश्न पूछकर अपनी रुचि और उत्साह का परिचय दिया।

### इनकी रही सहभागिता

कार्यक्रम में प्राचार्य गोविन्द मेहरा सहित शिक्षक रामसिंह, जितेंद्र, नीतेश, नमन, सरिता, निशाद कुमारी, रक्षा चौरसिया की सक्रिय सहभागिता रही। साथ ही परिक्षेत्र वनाधिकारी मनीष पटेल, पीडब्ल्यूडी एडीओ श्रीमती आयुषी सचान, श्रीमती सीमा रजक,थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान,चौकी प्रभारी गणेश दुबे, नायब तहसीलदार अटल वर्मा, सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, रानू नामदेव, मुलायमचंद जैन सहित समस्त वन अमले की सराहनीय भूमिका रही।

### पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई

कार्यक्रम में सिंगपुर हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रतिभागी विद्यार्थियों को सिंग्रामपुर रेंजर मनीष पटेल ने वन एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई तथा प्रशस्ति पत्रों का वितरण किया। उन्होंने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य स्कूली बच्चों को पर्यटन,वन, वन्यजीव संरक्षण व पौधरोपण के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि सिंगौरगढ़ दुर्ग के जलाशय तट पर आयोजित यह पहला अनुभूति कार्यक्रम है, जो विद्यार्थियों के लिए यादगार अनुभव बना।

## ओलंपियाड परीक्षा में शामिल हुए 45 विद्यार्थी



**छात्र-छात्राओं ने 50 प्रश्न 90 मिनट में किए हल**

**कुम्हारी नवभारत 16 जनवरी।** शिक्षा विभाग के निर्देशन में कुम्हारी संकुल से जुड़ी शालाओं के 45 छात्र-छात्राएं ओलंपियाड परीक्षा में शामिल हुए। छात्रों में शिक्षा के स्तर सुधार के लिए दूसरी से आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में सम्मिलित होकर प्रश्नपत्र हल किए। यह परीक्षा ओएमआर शीट पर आधारित होती है, जो प्रतियोगिता परीक्षा की सामान्य जानकारी और भविष्य में प्रतियोगिता परीक्षा में सहभागिता निभाने के लिए तैयारी की एक कड़ी है। समग्र शिक्षा राज्य शिक्षा के सौजन्य से आयोजित इस परीक्षा में 50 प्रश्न 90 मिनट में हल करने होते हैं। छात्र-छात्राओं के लिए आने-जाने भोजन आदि की व्यवस्था शिक्षा विभाग करता है।

### परीक्षा जनरल नॉलेज पर आधारित रही

बीआरसी दिलीप उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि यह परीक्षा जनरल नॉलेज पर आधारित होती है। इसके प्रश्नपत्र में विषयवार प्रश्न शामिल होते हैं। कक्षा दूसरी से आठवीं के छात्रों के बौद्धिक स्तर पर परीक्षा का संचालन होता है, जिसमें छात्र उत्तीर्ण होकर राज्य स्तर वाली परीक्षा में सम्मिलित होते हैं। इसका संचालन भोपाल द्वारा किया जा जाता है।



### झिन्ना मामा स्थल में लगा मकर संक्रांति मेला

**नवभारत,अजबधाम।** बटियागढ़ ब्लॉक के अजब धाम के प्रसिद्ध झिन्ना मामा स्थल पर मकर संक्रांति मेले का आयोजन किया गया. जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए मकर संक्रांति के दूसरे दिन लगने वाले इस पारंपरिक मेले में भजन कीर्तन मंडलियों ने धार्मिक भजनों की प्रस्तुतियां दी वहीं बच्चो और युवाओं ने मेले में खरीददारी और मनोरंजन कर मेले का आनंद लिया.सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से अजब धाम चौकी प्रभारी आरएस ठाकुर पुलिस स्टाफ के साथ मेले में भृमण करते नजर आए.

**मेला** | महिला साईकिल मैराथन के साथ बुंदेली मेला शुरू, प्रथम दिवस एमपी यूथ गेम्स के अंतर्गत खेल प्रतियोगिताएं आयोजित

# मेला बुंदेली संस्कृति और विरासत का सशक्त माध्यम : पटेल

**नवभारत,दमोह 16 जनवरी।** बुंदेली गौरव न्यास द्वारा आयोजित बुंदेली मेला के प्रथम दिवस का शुभारंभ उत्साह और उल्लास के साथ हुआ. सुबह से ही मिशन ग्रीन अभियान के अंतर्गत महिला साइकिल मैराथन का आयोजन किया गया.जिसमें दमोह शहर के विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की.

यह साइकिल मैराथन शहर के प्रमुख मार्गों किल्लाई नाका, तीनगुल्ली,स्टेशन चौराहा व घंटाघर से होती हुई बुंदेली मेला परिसर तहसील ग्राउंड में संपन्न हुई.दोपहर के समय बुंदेली मेला का विधिवत शुभारंभ मध्य प्रदेश शासन के पशुपालन व डेयरी विकास मंत्री लखन पटेल व मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री व दमोह विधायक जयंत मलैयाके मुख्य आतिथ्य में हुआ.





### न्यास संरक्षक सिद्धार्थ मलैया रहे उपस्थित

इस अवसर पर न्यास संरक्षक सिद्धार्थ मलैया, मेला पदाधिकारी विवेक शेंडे, प्रभात सेठ, कैप्टन बाधवा, अखिलेश हजारी सहित समिति से जुड़े अन्य गणमान्य उपस्थित रहे. मंत्री लखन पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि बुंदेली गौरव न्यास द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाने वाला यह मेला बुंदेली संस्कृति, परंपरा और विरासत को आगे बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम है. उन्होंने न्यास को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह मेला निरंतर प्रत्येक वर्ष इसी तरह आयोजित होता रहे.

### सात विकासखंडों के 400 खिलाड़ी ले रहे भाग

इसके पश्चात एमपी यूथ गेम्स के अंतर्गत खेल व युवा कल्याण विभाग तथा बुंदेली गौरव न्यास समिति के संयुक्त तत्वावधान में तहसील ग्राउंड बुंदेली मेला परिसर में कबड्डी, पिट्ठू, रस्साकसी, वॉलीबॉल सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. इन प्रतियोगिताओं में जिले के सातों विकासखंडों से आए लगभग 400 बालक व बालिकाओं ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया.

### प्रतियोगिताएं तीन दिन तक चलेंगी

इसी क्रम में दिनांक 17, 18 व 19 जनवरी को तहसील ग्राउंड बुंदेली मेला व अन्य मैदानों पर खो-खो,एथलेटिक्स, शतरंज, फुटबॉल, हॉकी, बास्केटबॉल, कुश्ती, जूडो, ताइक्वांडो, बैडमिंटन, क्रिकेट, टेबल टेनिस, योगासन सहित अन्य खेलों का आयोजन किया जाएगा. शाम के समय लोकल आर्केस्ट्रा द्वारा फिल्मी गीतों की शानदार प्रस्तुति दी गई,जिसके बाद भजन संध्या का आयोजन हुआ,जिससे मेला परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया.